Bharat Temples

ऐसी रंगो गुरुदेव चुनर मेरी,
ऐसी रंगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर मेरी,
ऐसी रंगो गुरुदेव।।

राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न,
हनुमत मेरी चुनर में,
चित्रकूट के घाट पे ओढ़ूँ,
दाग ना लागे गुरुदेव,
चुनर मेरी ऐसी रँगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर म्हारी,
ऐसी रँगो गुरुदेव।।

गोकुल मथुरा वृन्दावन और,
बरसाना मेरी चुनर में,
यमुना जी के घाट पे ओढ़ूँ,
दाग ना लागे गुरुदेव,
चुनर मेरी ऐसी रँगो गुरुदेव,
ऐसी रंगो गुरुदेव चुनर म्हारी,
ऐसी रँगो गुरुदेव।।

चंदा सूरज नवलख तारा,
रंग दो मेरी चुनर में,
गगन मण्डल के बिच में ओढ़ूँ,

दाग ना लागे गुरुदेव,
चुनर मेरी ऐसी रँगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर म्हारी,
ऐसी रँगो गुरुदेव।।

कृष्ण कन्हैया ग्वाल बाल,
संग राधा जी मेरी चुनर में,
रास मण्डल के बिच में ओढूँ,
दाग ना लागे गुरुदेव,
चुनर मेरी ऐसी रँगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर म्हारी,
ऐसी रँगो गुरुदेव।।

गंगा जमुना सरस्वती और,
क्षिप्रा मेरी चुनर में,
महाँकाल दरबार में ओढूँ,
दाग ना लागे गुरुदेव,
चुनर मेरी ऐसी रँगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर मेरी,
ऐसी रँगो गुरुदेव।।

ऐसी रंगो गुरुदेव चुनर मेरी,
ऐसी रंगो गुरुदेव,
ऐसी रँगो गुरुदेव चुनर म्हारी,
ऐसी रंगो गुरुदेव।।

Source: https://www.bharattemples.com/aisi-rango-gurudev-chunar-meri/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw